भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 742
जिसका उत्तर गुरुवार, दिनांक 8 अगस्त, 2013 को दिया जाना है

विद्युत उपकरण उद्योग

742. श्रीमति अन्नू टन्डन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार विद्युत उपकरण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष योजना या स्कीम पर विचार कर रही है:

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार विद्युत उपकरण उद्योग में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष कोष की स्थापना करने का विचार कर रही है ताकि इस उद्योग की विश्व स्तरीय मानकों के साथ तुलना की जा सके: और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रफुल पटेल)

(क) : जी, हां। घरेलू विद्युत उपकरण उद्योग के द्रुत विकास और उसकी प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि के लिए भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय ने भारतीय विद्युत उपकरण उद्योग मिशन प्लान 2012-22 तैयार किया है, जिसे 24.07.2013 को शुरू किया गया था।

(ख) : भारतीय इलेक्ट्रिक उपकरण उद्योग मिशन प्लान 2012-22 में, रणनीतिक तथा नीतिगत हस्तक्षेपों के लिए सरकार और उद्योग, दोनों के द्वारा पांच क्षेत्र अभिज्ञात किए गए हैं। ये हैं (i) उद्योग प्रतिस्पर्धात्मकता, (ii) प्रौद्योगिकी उन्नयन, (iii) कौशल विकास, (iv) निर्यात और (v) अप्रकट मांग को प्रकट मांग में बदलना।

(ग) : वर्तमान में, जी नहीं।

(घ) : उपर्युक्त (ग) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****